दैनिक जागरण 12/04/2023

# ग्राफिक डिजाइनिंग प्रतियोगिता में आक्षी व भूमि ने जीते पुरस्कार



कार्यक्रम के दौरान जीएमएन कालेज के प्राचार्य व विद्यार्थी। सौजन्य विज्ञप्ति

**अंबाला** : गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज अंबाला छावनी के मास कम्युनिकेशन विभाग द्वारा ग्राफिक डिजाइन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस प्रतियोगिता का आयोजन प्रो. सोनम साहू की देखरेख में आरंभ किया गया। कालेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने सभी विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाया। अर्थशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डा. सीमा कंसल ने ने बताया कि आक्षी व भूमि ने पुरस्कार जीते।